हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्षः 1 | अंकः 18 | पृष्ठः 8 | शुक्रवार 10 सितम्बर से 16 सितम्बर 2021



## कोविड के दौर में दूसरी बार होगा गणपति बप्पा का आगमन

**मुंबईः** कोरोना वायरस महामारी में इस साल भी गणपति बप्पा के आगमन का समय आ गया है. मुंबई में भी 10 दिनों के इस पर्व को लेकर तैयारियां की गई हैं, लेकिन कोविड-19 के बढ़ते प्रभाव के चलते इस बार भी त्योहारी मौसम का उत्साह फीका हो गया है. बृहृमुंबई महानगर पालिका ने गणेश चतुर्थी से पहले दिशा-निर्देश जारी किए हैं. बीते साल की तरह इस साल पर कई सख्त नियम जारी रहेंगे.बीएमसी, गणेशोत्सव कॉर्डिनेटिंग कमेटी और मुंबई पुलिस ने फैसला किया है कि इस वर्ष भी त्योहार की ज्यादातर गाइडलाइंस बीते साल की तरह रहेंगी. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर हर्शद काले ने कहा, ह्यसार्वजनिक मूर्ति की ऊंचाई ज्यादा से ज्यादा 4 फीट हो सकती है और घर में विराजने वाली गणपति मूर्तियां 2 फीट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए. शहर में जुलूस की अनुमति नहीं होगी. हमने मुंबई में सभी मंडलों से विसर्जन के दिन आखिरी आरती घर पर ही करने के लिए कहा है. काले ने कहा, ह्यमिट्टी की मूर्तियों के विसर्जन के लिए 173 कृत्रिम विसर्जन स्थल और 70 प्राकृतिक स्थल बनाए गए हैं. साथ ही शहर में केवल 10 वॉलिंटियर्स को ही मूर्ति को समुद्र के पास और प्राकृतिक विसर्जन स्थल तक लाने की अनुमति होगी. इलाके में श्रद्धालुओं को जाने नहीं दिया जाएगा और सभी मूर्तियों को बीएमसी और एनजीओ के कार्यकताओं को देना होगा. वे मूर्ति को समुद्र में विसर्जन के लिए लेकर जाएंगे.


### अंकित गुर्जर हत्याकांड

## पुलिस जांच से संतुष्ट नहीं दिल्ली हाईकोर्ट, अब CBI करेगी जांच



**दिल्लीः** दिल्ली की तिहाड़ जेल में अंकित गुर्जर की हत्या का मामले में हाईकोर्ट पुलिस जांच से संतुष्ट नहीं है. अब सीबीआई मामले की जांच करेगी. कोर्ट ने यह मामला अब सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया है. बुधवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने पुलिस जांच पर नाखुशी जताई और मामले को सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया. अब दिल्ली हाईकोर्ट 28 अक्टूबर को मामले की सुनवाई करेगा. बता दें कि अंकित गुर्जर के परिजनों ने हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल कर मौत के मामले की जांच की मांग की थी. दरअसल, राजधानी दिल्ली की तिहाड़ जेल में बदं कुख्यात गैंगस्टर अंकित गुर्जर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है.



# कोरोना की तीसरी लहर आएगी नहीं, आ चुकी है, गणेश चतुर्थी के मौके पर भीड़ जमा होने की संभावनाओं पर बोलीं मुंबई मेयर



**मुंबईः** महाराष्ट्र में कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ रहे हैं, इस बीच आगामी गणेश चतुर्थी उत्सव ने सरकार की चिंता और बढ़ा दी है. मुंबई की मेयर किशोरी पेडनेकर ने लोगों को अपने घरों के बाहर गणेश चतुर्थी मनाने के लिए आगाह किया. मेयर ने कहा कि यहां कोरोना की तीसरी लहर दस्तक दे चुकी है इसलिए घर पर ही उत्सव मनाए. किशोरी पेडनेकर ने मंगलवार को मीडिया से कहा, कोरोना की तीसरी लहर आ नहीं रही है, ये यह पहले से ही यहां है. इसे पहले ही नागपुर में घोषित किया जा चुका है। पेडनेकर ने मुंबई में लोगों से गणेश चतुर्थी के दौरान घर पर रहने का भी आग्रह किया. गणेश चतुर्थी 10 सितंबर से शुरू होने जा रही है. इस मौके पर मेयर ने जोर देकर कहा कि लोगों को मास्क पहनना चाहिए और कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए अन्य सावधानी भी बरतनी चाहिए.पिछले कुछ दिनों में मुंबई समेत महाराष्ट्र में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर मेयर ने चिंता जाहिर की है. किशोरी पेडनेकर नागपुर के संरक्षक मंत्री नितिन राउत की टिप्पणी का जिक्र कर रही थीं कि शहर पहले ही कोविड -19 की तीसरी लहर की चपेट में है. समाचार एजेंसी एएनआई ने नितिन राउत के हवाले से कहा, आज लंबे समय के बाद, हम दोगुने पॉजिटिव में आ गए हैं. तीसरी लहर दस्तक दे चुकी है.राउत ने यह भी कहा कि अगले तीन से चार दिनों में जिले में और प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं क्योंकि दैनिक संक्रमण संख्या दोहरे अंकों में बढ़ रही है. शहर में सोमवार को कोविड-19 के 12 मामले सामने आए, जिससे इसकी संख्या 493,072 हो गई है. उन्होंने कहा कि बढ़े हुए प्रतिबंधों में रेस्तरां को रात 10 बजे के बजाय रात 8 बजे तक खुले रहने की अनुमति दी जा सकती है, दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों को शाम 4 बजे तक और वीकएंड पर पूरी तरह से बंद किया जा सकता है. मंत्री ने साथ ही कहा कि केवल आवश्यक सेवाओं को संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है. मंत्री ने आगे कहा, दो से तीन दिनों में व्यापारियों और अन्य संगठनों के साथ बैठक के बाद, बढ़ी हुई पाबंदियों की घोषणा की जाएगी.

# मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट, समुद्र में उठेंगी ऊंची लहरें



**मुंबई।** मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई स्थानों पर बीते कुछ दिनों से बारिश का दौर जारी है। बृहन्मुंबई नगर निगम ने आज (गुरुवार ) शहर और उपनगरों में मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। अपने अलर्ट में, बीएमसी ने कहा है कि राजधानी मुंबई और उपनगरों में मध्यम बारिश होने की पूरी संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने भी आज के लिए महाराष्ट्र के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।मुंबई के लिए जारी किए गए इस मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, समुद्र में ऊंची लहरें भी उठेंगी। दोपहर 1 बजकर 21 मिनट पर हाईटाइड आने की संभावना है। बीएमसी के अनुसार पिछले 24 घंटों में शहर के कुछ हिस्सों में औसत वर्षा 21.21 मिमी से 52.09 मिमी के बीच बारिश हुई है। मध्य मुंबई में औसतन 35.43 मिमी बारिश हुई। जबकि, इसके पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमशः 52.09 मिमी और 21.21 मिमी वर्षा दर्ज की गइसितंबर माह के शुरू होते ही महाराष्ट्र में अच्छी बारिश हो रही है। वहीं लोगों के लिए परेशानी भी बढ़ती जा रही है। राज्य के औरंगाबाद समेत कई निचले स्थानों पर भारी बारिश के कारण पानी भर गया है। ज्ञात हो कि मौसम विभाग ने बुधवार को भी मुंबई में 24 से 48 घंटों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया था। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने बीते मंगलवार को महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था।

## एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को मिला था मनसुख हिरन को मारने का काम- NIA की चार्जशीट



**मुंबईः** मनसुख हिरन की हत्या मामले में नया खुलासा हुआ है. नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की तरफ से दायर चार्जशीट में बताया गया है कि एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को हिरन की हत्या का काम सौंपा गया था. इसके लिए निलंबित और मामले के मुख्य साजिशकर्ता कहे जा रहे सचिन वाजे की तरफ से शर्मा को ह्यमोटी रकमह्न भी दी गई थी. शर्मा ने संतोष शेलार के लिए जरिए इस वारदात को अंजाम दिया था. हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक चार्जशीट में बताया गया है, यह काम प्रदीप शर्मा (अ-10) को सौंपा गया था. आगे कहा गया कि साजिश में आरोपी प्रदीप शर्मा ने आरोपी संतोश शेलार (अ-6) से संपर्क किया था और पूछा था कि क्या वह पैसों के बदले हत्या कर सकता है. चार्जशीट के अनुसार, आरोपी शेलार इसके लिए हामी भर दी थी. हिरन की हत्या से पहले 2 मार्च को वाजे ने हिरन के साथ मीटिंग की थी. इस दौरान उसके साथ दो अन्य पुलिसकर्मी सुनील माने और प्रदीप शर्मा भी मौजूद थे. चार्जशीट के मुताबिक, वाजे इन दोनों को साथ इसलिए ले गया ताकि वे हिरन को पहचान लें.दक्षिण मुंबई में विस्फोटकों से लदे वाहन (महिंद्रा स्कॉर्पियो) के मिलने के एक हफ्ते बाद यह बैठक हुई थी. गाड़ी में जिलेटिन की 20 छड़ियां और धमकी भरा नोट मौजूद था. एनआईए के जांचकर्ताओं का मानना है कि यह वाजे की तरफ से अपनी विश्वसनीयता को चमकाने का प्रयास (ऐसा मामला सुलझाकर, जो उसने खुद ही तैयार किया हो) हो सकता है.

## परमबीर सिंह ने रिपोर्ट में छेड़छाड़ करने के लिए रिश्वत दी, आतंकी संगठन जैश का नाम डलवाया

**मुंबईः** प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के मुंबई स्थित आवास एंटीलिया के बाहर मिली विस्फोट से भरी कार मामले में और उस कार के मालिक मनसुख हिरेन की हत्या के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने चार्ज शीट दायर कर दी है. इस चार्ज शीट में मुंबई पुलिस के साथ काम कर चुके ईशान सिन्हा नाम के एक साइबर एक्सपर्ट का परमबीर सिंह पर दिया गया सनसनीखेज बयान दर्ज है. इसमें यह दावा किया गया है कि मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने जांच की रिपोर्ट में छेड़छाड़ करवाने की कोशिश की थी. इसके लिए उन्होंने 5 लाख रुपए की रिश्वत भी दी थी. जबकि वह पैसे लेना नहीं चाह रहे थे. परमबीर सिंह ने जांच रिपोर्ट में आतंकी संगठन जैश-उल-हिंद का नाम और उससे जुड़ा पोस्टर शामिल करने को कहा था. ईशान सिन्हा नाम के इस साइबर एक्सपर्ट ने 25 फरवरी के दिन एंटीलिया विस्फोटक मामले की जांच की थी और उससे संबंधित अपनी रिपोर्ट मुंबई पुलिस को सौंप दी थी. अंबानी के एंटीलिया आवास के बाहर 24-25 फरवरी की रात एक विस्फोटक से भरी स्कॉर्पियों कार बरामद हुई थी. उस कार में जिलेटिन की छड़ों के अलावा एक धमकी भरा पत्र भी मिला था. इस घटना की जिम्मेदारी जैश-उल-हिंद नाम के आतंकी संगठन ने एक टेलीग्राम चैनल से स्वीकार की थी.

# महाराष्ट्र में एक दिन में 15 लाख से ज्यादा लोगों को लगा कोरोना का टीका, बना रिकॉर्ड

**मुंबई.** महाराष्ट्र में बुधवार को 15 लाख से ज्यादा लोगों को कोरोना के टीके लगाए गए. ये अब तक का रिकॉर्ड है. इससे पहले यहां कभी भी एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में वैक्सीन नहीं लगी थी. चार सितंबर को राज्य में 12,27,224 लोगों को टीका लगाया गया था. बुधवार को ये रिकॉर्ड टूट गया. इस बात की जानकारी जन स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉक्टर प्रदीप व्यास ने दी. उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में अब तक टीके की 6.55 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं.अब तक देश 71.65 करोड़ लोगों को कोरोना के टीके लगाए जा चुके हैं. पिछले 24 घंटे के दौरान 86,51.701 लोगों को वैक्सीन लगाई गई. पहले 80 दिनों के अंदर 41 करोड़ लोगों को टीका लगाया गया. ये एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है.



बता दें कि सरकार ने इस साल के आखिर तक सभी को वैक्सीन देने का लक्ष्य रखा है. उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों वैक्सीनेशन की रफ्तार और ज्यादा बढ़ेगी. महाराष्ट्र में बुधवार को कोरोना वायरस के 4,174 नए मामले सामने आए और 65 लोगों की मौत हो गई, जिससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 64,97,872 हो गई और मृतकों की संख्या 1,37,962 हो गई. पिछले 24 घंटों में 4,155 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी मिलने के साथ, राज्य में स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 63,08,491 हो गई.

राज्य में अब उपचाराधीन मरीजों की संख्या 47,880 है. मंगलवार को, महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 3,898 नए मामले आए थे और 86 मौतें हुई थीं. महाराष्ट्र में कोरोना वायरस से ठीक होने की दर 97.09 प्रतिशत है, जबकि मृत्यु दर 2.12 प्रतिशत है.

# वसई में अनलॉक हो गया ड्रग्स का भी कारोबार16 किलो गांजा जब्त

## दो आरोपी गिरफ्तार

**वसई :** ऐसा लगता है कि लॉकडाउन के अनलॉक होते ही वसई विरार में ड्रग्स का कारोबार फिर बढ़ने लगा है। पिछले हप्ते में वसई विरार पुलिस आयुत्तलय में गांजा तस्करी के दो बड़े मामले सामने आए हैं। गुरुवार को दहशत वाद विरोधीपथक के सहायक पुलिस निरीक्षक ललीत वरकड़े की टीम ने एक ट्रैप लगाकर 16 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया। इस संबंध में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि अंतर्राज्यीय तस्करों का एक समूह बड़ी तादाद में गांजे की यह खेप एक वाहन में लेकर दादर से वसई पूर्व के इलाके में जा रहे है ।वालीव क्राइम पुलिस निरीक्षक राहुलकुमार पाटील के नेतृव में सहायक पुलिस ललित वरकड़े,पुलिस नाईक स्वपनिल तोत्रे, शैलेष गावीत,मुकेश निकम,माने द्वारा टीम तैयार कर जयनगर फीडरल बैंक के पास दोपहर 12 बजे जाल बिछाकर आरोपियों को पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गये लोगों की पहचान सुबीतकुमार नायक 39 वर्षीय,सजन अतिराम नायक 26 वर्षीय के रूप में की गई। ये दो आरोपी उड़ीसा एवं गजपति के रहने वाले हैं। यह दोनों आरोपी उड़ीसा से महाराष्ट्र के लिए ट्रेन में बैठकर दादर आए।

और टैक्सी में बैठकर वालीव क्षेत्र में पहुँचकर तस्करी करने की फिराक में थे। पुलिस इनके पास से 16 किलो गांजा,मोबाईल, कैस रकम,पर्स ट्रेवल बैग कुल आंकी 83 हजार 180 रुपये समान बरामद किया ।वालीव पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 3 दिन की पुलिस रिमांड लिया है। पिछले सप्ताह एमबीवीवी पुलिस की धड़ाधड़ कारवाई : मीरा भायंदर वसई विरार आयुत्तलय में विरार पुलिस अपराध टीम ने अपराध व नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 23 अगस्त रविवार की शाम गुप्त सूचना के आधार पर कारगिल क्षेत्र से 25 किग्रा गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# एंटीलिया के बाहर विस्फोटक मिलने के बाद नीता अंबानी ने घबराकर गुजरात दौरा रद्द कर दिया



**मुंबई:** प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के परवार को धमकी मिलने में कोई नई बात नहीं थी. पहले भी धमकियां मिली थीं. लेकिन मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक मिलने की जानकारी जब उनकी पत्नी नीता अंबानी को मिली तो वे एकदम सकते में आई गईं. उन्होंने फौरन अपना गुजरात का निर्धारित दौरा कैंसिल कर दिया था. यह जानकारी मुकेश अंबानी परिवार के मुंबई स्थित एंटीलिया आवास में लगी सिक्योरिटी के चीफ ने एनआईए को दी है. मुकेश अंबानी के आवास के सुरक्षा प्रमुख ने बताया कि विस्फोटकों वाली गाड़ी और धमकी भरा पत्र एंटीलिया के बाहर मिलने की खबर मिलते ही नीता अंबानी ने तुरंत यह बात अपने पति मुकेश अंबानी को बताई. उस दिन उन्हें गुजरात के जामनगर में एक कार्यक्रम में जाना था. इसके बाद उनके उस कार्यक्रम को पहले रि-शेड्यूल किया गया. लेकिन बाद में उस क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त की सलाह पर नीता अंबानी ने वो दौरा रद्द कर दिया था. सुरक्षा प्रमुख का यह बयान 25 फरवरी को अंबानी के घर के पास जिलेटिन की छड़ों के साथ स्वश वाहन मिलने के बाद एनआईए ने दर्ज किया था. अंबानी के आवास के सिक्योरिटी चीफ का यह बयान कारोबारी मनसुख हिरेन की हत्या के सिलसिले में बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे और 9 अन्य के खिलाफ एनआईए द्वारा दायर की गई चार्ज शीट में दर्ज है.

# एक फ्लैट में बेटे-बेटी को जहर देकर मां ने की खुदकुशी

**भायंदर :** एक दुखद घटना में 47 वर्षीय महिला नसरीन बानो ने सोमवार की रात मानसिक रूप से विक्षिप्त अपनी 21 वर्षीय बेटी सदाद नाज और 13 वर्षीय बेटे मोहम्मद अर्श को पहले नींद की गोलियों का ओवरडोज दिया और फिर उसने वही गोलियां खाकर उसे खत्म कर दिया. जिंदगी। मंगलवार की सुबह जब उसके 74 वर्षीय पिता पानी भरने के लिए उसे जगाने गए, तो तीन शवों को देखकर वह चौंक गया और अपने पड़ोसी को सूचित किया जिसने नया नगर पुलिस को फोन किया। पीड़िता ने एक साल पहले अपने पति को तलाक दे दिया था और अपने पिता के साथ जूही नरेंद्र सीएचएस बिल्डिंग के सी 2 फ्लैट में रहने आई थी। उसके दो बच्चे मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं और सोमवार की रात लगभग 2300 बजे, बच्चों ने शीतल पेय की बोतल को लेकर लड़ाई लड़ी, जिससे चिढ़ और उदास हो गई नसरीन बानो ने कहा कि उसके पिता और परिवार मामले को सुलझाने के बाद सो गए थे और मंगलवार की सुबह पिता हैरान रह गए नया नगर थाने के सीनियर पीआई जितेंद्र वनकोटी ने बताया कि तीनों शव देखें. अधिकारी ने कहा कि हम मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जे जे अस्पताल भेज दिया गया है और इसकी रिपोर्ट का इंतजार है और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है। हमने बेडरूम में इस्तेमाल की गई नींद की गोलियों की एक पट्टी भी जब्त कर ली है और सामग्री को फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेज दिया है और हम मानते हैं कि दोनों बच्चों का इलाज चल रहा है क्योंकि नींद की गोलियां निर्धारित दवाएं हैं और उन्हें मेडिकल स्टोर पर काउंटर पर नहीं खरीदा जा सकता है। . महिला के पिता सदमे में हैं और जब वह बोलने की स्थिति में है तो हम उससे पूछताछ करेंगे और नसरीन के पूर्व पति वंकोटी को सूचित कर दिया है और आगे की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि पिता अपनी बेटी और उसके दो पोते-पोतियों की वित्तीय जिम्मेदारी लेगा

मोहम्मद मोहम्मद आजाद के मुताबिक, परिवार मिलनसार स्वभाव का था और पड़ोसियों से बात करता था। दरअसल दादा अपने 13 साल के पोते को व्हीलचेयर पर ले जाते थे और रात के खाने के बाद सोसायटी परिसर में घूमते थे और इस घटना ने इलाके में सदमे की लहरें भेज दी थीं।



# संपादकीय

संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला

## सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक नहीं लिया कृषि कानूनों पर समिति की रिपोर्ट का संज्ञान

कृषि कानूनों की समीक्षा के लिए बनाई गई समिति के सदस्य अनिल घनवट का इससे दुखी होना स्वाभाविक है कि सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक इस समिति की रपट का संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को चिट्ठी लिखकर न केवल इस रपट का संज्ञान लिए जाने की मांग की है, बल्कि यह भी अनुरोध किया है कि उसे सार्वजनिक किया जाए। कायदे से सुप्रीम कोर्ट को अपने स्तर पर ही ऐसा करना चाहिए था, क्योंकि खुद उसी ने इस समिति का गठन किया था। कोई नहीं जानता कि तय समय में रपट तैयार कर सुप्रीम कोर्ट को सौंप दिए जाने के बाद भी उसका संज्ञान क्यों नहीं लिया जा रहा है? इस देरी का एक दुष्परिणाम तो यह है कि तीनों कृषि कानून लंबित पड़े हुए हैं और दूसरे, किसान संगठन अपनी सक्रियता बढ़ाते चले जा रहे हैं। उनके साथ ही कई विपक्षी दल भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए हैं। वास्तव में इसी कारण किसान संगठनों की गतिविधियां बढ़ती हुई दिख रही हैं। अब तो यह भी साफ है कि उनका आंदोलन पूरी तौर पर राजनीतिक रूप ले चुका है। वे पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के आगामी विधानसभा चुनावों में अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए तैयार दिख रहे हैं। इसी कारण वे न केवल नई–नई जगहों पर धरना–प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि पुराने धरना स्थलों पर भीड़ बढ़ाकर अपनी ताकत का परिचय दे रहे हैं। इसमें हर्ज नहीं, लेकिन समस्या यह है कि उनके धरने लोगों को तंग करने का काम कर रहे हैं। दिल्ली सीमा पर बीते नौ महीनों से तीन स्थानों पर रास्ते बाधित हैं। इसके चलते हर दिन लाखों लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे सुप्रीम कोर्ट भी परिचित है, लेकिन पता नहीं क्यों वह बाधित रास्ते खुलवाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है? बीते दिनों ही उसने रास्ते खोले जाने की एक याचिका को सुनने से इन्कार कर दिया। आखिर इसे किसान संगठनों के धरने से त्रस्त हो रहे आम लोगों की उपेक्षा के अलावा और क्या कहा जा सकता है? समझना कठिन है कि जिस मुद्दे पर जमकर राजनीति हो रही है और लोगों को परेशान करने वाले काम किए जा रहे हैं, उसे सुप्रीम कोर्ट हाथ क्यों नहीं लगाना चाहता? सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित समिति ने अपना काम मार्च में ही पूरा कर दिया था, लेकिन पांच माह बीत जाने के बाद भी वह न्यायाधीशों की प्राथमिकता सूची से बाहर है। इसका कोई औचित्य नहीं कि सुप्रीम कोर्ट पहले तो किसी मामले में खुद ही दखल दे और फिर उसकी अनदेखी करने वाला रवैया अपना ले। ऐसे रवैये से तो समस्या बढ़ेगी ही।

# फिर खतरा बनता अफगानिस्तान



पाकिस्तान भले ही कह रहा हो कि वह तालिबान का प्रवक्ता नहीं, लेकिन वह उसे सहयोग जरूर दे रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के सत्ता संभालते ही यह बात स्पष्ट होने लगी थी कि अमेरिका अफगानिस्तान से जल्द ही अपनी सेनाओं को वापस बुला लेगा। आखिरकार ऐसा ही हुआ। कुछ समय पहले बाइडन ने अचानक यह घोषणा कर दी कि 31 अगस्त तक अमेरिकी सेनाएं अफगानिस्तान से अपने साजो-सामान के साथ लौट आएंगी। इस घोषणा के साथ ही तालिबान ने अपनी सैन्य सक्रियता और बढ़ा दी। वह अमेरिका के साथ हुए समझौते को दरकिनार कर अफगानिस्तान के ज्यादा से ज्यादा इलाके पर कब्जा करना चाह रहा है। वह सीमांत इलाकों को खास तौर पर कब्जाने की कोशिश कर रहा है, ताकि अफगानिस्तान सरकार को कमजोर किया जा सके। वह बड़े शहरों पर भी कब्जा करने की फिराक में है। इसी सिलसिले में उसने कंधार की घेरेबंदी शुरू की और पिछले दिनों पाकिस्तान से लगते स्पिन बोल्डाक इलाके पर कब्जा करने की कोशिश की। यह वही इलाका है, जहां तालिबान ने भारतीय फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी की बर्बरता से हत्या की। उनकी हत्या इसीलिए की गई, क्योंकि वह भारतीय थे। इससे यही पता चलता है कि तालिबान भारत से घृणा करते हैं। तालिबान ने दानिश सिद्दीकी को जिंदा पकड़ा था, फिर की थी नृशंस हत्या, अमेरिकी मैगजीन का दावा तालिबान की लड़ाई आसान बनाने के लिए पाकिस्तान से लश्कर और जैश के लड़ाके भी अफगानिस्तान पहुंच गए हैं। जब अमेरिका की बची-खुची सेनाएं अफगानिस्तान से लौटने की तैयारी कर रही हैं, तब अमेरिका ने यह भी घोषणा की कि वह इराक से भी एक साल के अंदर अपनी सेनाओं को वापस बुलाएगा। अमेरिका ने दो दशक पहले अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया से आतंक को समाप्त करने के लिए यहां अपने कदम रखे थे, लेकिन वह ऐसा किए बगैर ही अपनी सेनाओं को वापस बुला रहा है। अफगानिस्तान और इराक से सेनाएं लौटाने का डेमोक्रेटिक पार्टी का फैसला अमेरिकी नागरिकों की इस सोच पर आधारित है कि आखिर उनके अपने लोग दूसरे देशों में अपनी जान क्यों गंवाएं? अमेरिका अब इस नीति पर पहुंच रहा है कि जिन देशों में आतंकी संगठन सक्रिय हैं और वे अमेरिकी हितों के लिए खतरा बन सकते हैं, वहां की जमीन पर अपने सैनिकों को उतारने से बचा जाए। इसके बजाय वह ड्रोन या हवाई हमलों से आतंकियों को निशाना बनाने का काम करेगा। इन दिनों वह यही काम अफगानिस्तान में तालिबान के खिलाफ कर रहा है। फिलहाल यह कहना कठिन है कि अमेरिका के हवाई हमले तालिबान को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं, क्योंकि वे अपने कदम पीछे खींचते अथवा उस समझौते का पालन करते नहीं दिखते, जो अमेरिका के साथ हुआ था। अफगानिस्तान छोडे के अमेरिका के फैसले से भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है.

# गणपति बप्पा को जरूर चढ़ाएं ये चीजें, मिलेगा मनवांछित फल



भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस दिन गणेश स्थापना की जाती है और अगले 10 दिनों तक भगवान अपने भक्तों के साथ रहते हैं। इस साल गणेश उत्सव की शुरूआत 10 सितंबर से हो रही है। गणेश उत्सव के दौरान भक्त अपने भगवान को प्रसन्न करने के लिए कई काम करते हैं। भगवान की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं और उन्हें तरह-तरह के भोग लगाते हैं। गणपति बप्पा को कुछ चीजें बहुत पसंद हैं और उनका भोग लगाने से बहुत जल्दी फल मिलता है। यहां हम इन्हीं चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनका भोग लगाने से गणपति बप्पा मनोवांछित फल देते हैं।

मोदक एक विशेष प्रकार का मिष्ठान्न है। इसका भोग श्रीगणेश को लगाने से वह बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी मनोकामना पूरी करते हैं। गणेश चतुर्थी पर मोदक चढ़ाने से गणपति बप्पा भक्त की मनचाही मुराद पूरी करते हैं। मान्यता है कि मोदक चढ़ाने से कर्ज से मुक्ति मिलती है और घर में समृद्धि आती है। मोदक की ही तरह बूंदी के लड्डू भी भगवान गणेश को अतिप्रिय है। बूंदी के लड्डू का भोग लगाने से गणेशजी भक्तों को धन-समृद्धि का वरदान देते हैं। मनचाही इच्छा पूरी करने के लिए 5,11,21,51 या इससे ज्यादा संख्या में भगवान गणेश को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है। इसके अलावा बेसन के लड्डू, मोतीचूर के लड्डू, गुड़ और नारियल से बनी चीजें उन्हें प्रसाद या भोग में चढ़ाई जाती हैं।हरी दूर्वा घास श्रीगणेश को अति प्रिय है। मान्यता है कि हरी दुर्वा घास उनको शीतलता प्रदान करती है। इसलिए गणेशजी को हरी दुर्वा घास अर्पित करते हैं। 11, 21 या इससे ज्यादा दुर्वा चढ़ाने का शास्त्रों में विधान है। दुर्वा में कम से कम तीन या पांच पत्तियां होना चाहिए। दुर्वा गणेशजी के मस्तक पर रखें, उनके चरणों में समर्पित ना करें। दुर्वा अर्पित करते हुए यह मंत्र बोलेंश्रीगणेश को लाल फूल प्रिय है। इसलिए गणपतिजी की आराधना में उनको लाल फूल समर्पित करने का विधान है।

# रामनगरी में दीपोत्सव पर फिर कीर्तिमान बनाने की तैयारी, शामिल हो सकते - पीएम नरेंद्र मोदी




**अयोध्या:** रामनगरी का पांचवां दीपोत्सव इस बार बेहद खास होगा। दीपोत्सव के लिए अयोध्या को संवारने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इसी बीच, दीपोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने की खबर ने हलचल बढ़ा दी है। पीएम के आगमन को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा तो नहीं हुई है, लेकिन योजनाओं के क्रियान्वयन और दीपोत्सव की तैयारी उनके रामनगरी आने का संकेत देती हैं। ऐसा हुआ तो दोबारा अयोध्या आकर प्रधानमंत्री एक नया इतिहास रचेंगे। राम की पैड़ी के पुनरुद्धार सहित अयोध्या के विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं को नवंबर से पहले पूरा करने की भी कोशिश की जा रही है। बाहुबली और लगान फिल्मों का सेट तैयार करने वाले आर्ट डायरेक्टर चंद्रकांत देसाई से दीपोत्सव का सेट तैयार कराने की वार्ता चल रही है। पर्यटन व संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से दीपोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अयोध्या जंक्शन के पुनर्विकास से जुड़े पहले फेज का कार्य भी नंबर में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। श्रीराम एयरपोर्ट के पहले फेज के निर्माण कार्य का टेंडर भी हो चुका है। सांसद लल्लू सिंह ने मंगलवार को नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर कार्य को यथाशीघ्र आरंभ कराने की मांग रखी है। दीपोत्सव पर ही रामायण क्रूज का उद्घाटन कराने की भी तैयारी है। प्रशासनिक गंभीरता बताती है कि दीपोत्सव का हिस्सा बनने के साथ ही प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी कर सकते हैं। दीपोत्सव में अहम भूमिका निभाने वाले एक अधिकारी की माने तो ऐसा विचार किया जा रहा है कि पीएम इस बार दीपोत्सव में शामिल हों। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह कहते हैं कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की कोई जानकारी उनके पास नहीं है। यदि प्रधानमंत्री दीपोत्सव पर आते हैं तो यह सौभाग्य होगा। प्रधानमंत्री का यह दौरा आध्यात्म के साथ राजनीति की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल का यह आखिरी दीपोत्सव होगा। यूपी में अगले साल चुनाव हैं, इसलिए प्रधानमंत्री के अयोध्या जाने के कार्यक्रम को सियासी तौर पर भी देखा जा रहा है। सूबे की राजनीति में अयोध्या की बेहद खास भूमिका है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एआइएमआइएम के प्रमुख असदुदीन ओवैसी ने अपने यूपी दौरे की शुरूआत अयोध्या से की है। अयोध्या में इस बार विश्व की सबसे बड़ी रामलीला कराने की तैयारी है। भाजपा नेता और सांसद मनोज तिवारी अंगद की भूमिका में नजर आएंगे। इस राम लीला में राम की भूमिका राहुल वूछर निभाएंगे। इसके अलावा अभिनेता बिंदु दारा सिंह हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि शाहाबाज खान रावण के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, लोकसभा से बीजेपी सांसद और अभिनेता रवि किशन परशुराम बनेंगे। इस बार सात लाख 50 हजार दिये जलाने का लक्ष्य : मान्यता है कि भगवान राम के वनवास से लौटने की खुशी में दीपावली मनाई जाती है। योगी सरकार ने रामनगरी के आत्मा से जुड़े देश के इस मुख्य पर्व को दीपोत्सव का रूप देकर अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। पांचवें दीपोत्सव पर सात लाख 50 हजार दिये जलाने का लक्ष्य रखा गया है।

इससे पूर्व योगी सरकार के गठन पर वर्ष 2017 में पहले दीपोत्सव पर 1.87 लाख दीये जलाने का कीर्तिमान भी बनाया गया था। इसके बाद वर्ष 2018 में 3.11 लाख, 2019 में 4.51 लाख, 2020 में 5.51 लाख दिये जलाकर प्रतिवर्ष नया विश्व रिकार्ड बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में रामनगरी के दीपोत्सव का नाम दर्ज कराया गया।

## भाजपा ने धर्मेंद्र प्रधान को बनाया यूपी चुनाव प्रभारी, सह-प्रभारी व संगठन प्रभारी भी घोषित




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 का चुनाव जीतने के लिए चक्रव्यूह की रचना करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए चुनाव से पहले सभी कील-कांटे दुरुस्त किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को भाजपा ने चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी और संगठन प्रभारी बनाए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को यूपी विधानसभा इलेक्शन के लिए चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उनके अलावा सात सह-प्रभारी और छह संगठन प्रभारी भी बनाए गए हैं।विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भारतीय जनता पार्टी ने यूपी प्रभारी बनाए जाने के साथ-साथ संगठनात्मक नियुक्तियां भी की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चुनाव प्रभारी बनाया गया है। केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं युव मामसे व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, केंद्रीय संसदीय कार्य और संस्कृति व पर्यटन राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राज्य सभा सदस्य सरोज पांडेय, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, हरियाण सरकार के पूर्व मंत्री कैप्टेन अभिमन्यु, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य सभा सदस्य विवेक ठाकुर को यूपी चुनाव का सह-प्रभारी बनाया गया है।भाजपा के छह संगठन प्रभारी भी नियुक्त किए हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश का जिम्मा सांसद संजय भाटिया को दिया गया है। इसी तरह ब्रज क्षेत्र की बिहार के विधायक संजीव चौरसिया, अवध क्षेत्र की राष्ट्रीय मंत्री वाय.

## बिहार के कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट, बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात का असर



**पटना।** बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात देश के मैदानी भाग में काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में चक्रवात ओडिशा और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाके से गुजर रहा है। इसके कारण ही बिहार के विभिन्न भागों में झमाझम बारिश हो रही है। मंगलवार को पटना में भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। इस तरह की स्थिति अगले दो दिनों तक बनी रहने की उम्मीद है। बुधवार को प्रदेश के पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण में भारी बारिश होने की उम्मीद है। गुरुवार को सिवान एवं सारण में भारी बारिश होगी। चारों जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। बारिश के कारण गर्मी एवं उमस से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली है।पटना मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी संजय कुमार का कहना वर्तमान में मानसून की ट्रफ लाइन बीकानेर, भीलवाड़ा, इंदौर एवं भोपाल होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। उसके कारण ही प्रदेश में बारिश हो रही है। मंगलवार को ठाकुरगंज में 50, बांका में 40, चेनारी में 30 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि वर्तमान में बंगाल की खाड़ी से पूर्वा हवा आ रही है। हवा अपने साथ काफी मात्रा में नमी ला रही है, जिससे प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है।पटना में मंगलवार की सुबह से ही फुहारें पड़ने लगीं थीं। दोपहर में भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। शाम को भी राजधानी में काफी बारिश हुई। पिछले एक सप्ताह से उमस से परेशान लोगों को बारिश से बड़ी राहत मिली।

## कविता




# कहै कबीर दीवाना-ओशो

समर्पण की दशा, जहां दो मिटते हैं और एक बचता है। जहां प्रेमी और प्रेम-पात्र अपनी सीमाएं खो देते हैं। जहां उनकी दूसरी समग्र रूपेण शून्य हो जाती है। यह भी कहना उचित नहीं, कि प्रेमी और प्रेम-पात्र करीब आ जाते हैं; क्योंकि करीब होना भी दूरी है। कहना उचित नहीं, कि प्रेमी-पात्र करीब आ जाते हैं; क्योंकि करीब होना भी दूरी है। पास नहीं आते, एक दूसरे में खो जाते हैं। निकटता में भी तो फासला है। प्रेम उतना फासला भी बर्दाश्त नहीं करता। प्रेम दो को एक बना देता है। प्रेम अद्वैत है। इस प्रेम को हम थोड़ा समझें।तुमने भी प्रेम किया है। ऐसा तो व्यक्ति ही खोजना कठिन है, जिसने प्रेम न किया हो। गलत ढंग से किया हो, गलत प्रेम-पात्र में किया है, लेकिन प्रेम किए बिना तो कोई बच नहीं सकता। क्योंकि वह जो जीवन की सहज अभिव्यक्ति है।तो तीन तरह के प्रेम हैं, वे समझ लें।पहला, जिसमें सौ में से निन्यानबे लोग उलझ जाते हैं। वह वस्तुओं का प्रेम है--धन का, संपदा का, मकान का, तिजोड़ियों का। वस्तुओं का प्रेम, प्रेम के लिए सबसे बड़ा धोखा है।लेकिन उसमें कुछ खूबी है; इसलिए सौ में से निन्यानबे लोग उसमें पड़ जाते हैं। और वह खूबी यह है, कि वस्तुओं के प्रति तुम्हें समर्पण नहीं करना पड़ता। **जारी....**

# स्किन की इन 3 समस्याओं को दूर करता है सौंफ, जानें इस्तेमाल का तरीका

भारत में सौंफ का इस्तेमाल कई तरह के व्यंजनों को तैयार के लिए किया जाता है। सेहत के लिए लिहाज से भी सौंफ काफी फायदेमंद होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि स्किन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए भी आप सौंफ का इस्तेमाल कर सकते हैं। जी हां, सौंफ के इस्तेमाल से स्किन पर आप निखार ला सकते हैं। इससे स्किन से जुड़ी कई परेशानियां जैसे- मुंहासे, एक्ने और झुर्रियों को दूर किया जा सकता है। दरअसल, सौंफ में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटीमाइक्रोबियल, एंटी-ऑक्सीडेंट के गुण पाए जाते हैं, जो स्किन के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। इसके अलावा सौंफ में आयरन, विटामिन सी और मैग्नीज जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो स्किन को साफ करने में मददगार हैं। चलिए जानते हैं स्किन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए कैसे करें सौंफ का इस्तेमाल-

सौंफ का इस्तेमाल आप स्किन को गहराई से साफ करने के लिए कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो सकते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए आप सबसे पहले एक पैन लीजिए। अब इसमें 1 कप डाली डालकर गर्म कीजिए। इसके बाद आप



इसमें 1 बड़े चम्मच से सौंफ डालिए। इसके बाद गैस बंद करके इसे करीब 20 मिनट के लिए छोड़ दें। जब पानी ठंडा हो जाए, तो इसमें टी-ट्री ऑयल की कुछ बूंदे डालें और इसे एक बोतल में भरकर रख लीजिए। इस पानी का इस्तेमाल आप टोनर के रूप में कर सकते हैं। या फिर वाइप के इस्तेमाल से अपने चेहरे पर लगाएं। इससे स्किन साफ होगा। साथ ही चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो सकते हैं। एंटी-एजिंग की परेशानी को दूर करने के लिए आप सौंफ का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट के गुण पाए जाते हैं, जो स्किन की झुर्रियों को दूर करने में असरदार होता है। स्किन की झुर्रियों को दूर करने के लिए एक गिलास पानी लें। इसमें 2 चम्मच सौंफ डाल लें। इसके बाद इसे करीब 15 मिनट के लिए उबालें।

बाद में इसमें थोड़ा दही मिलाएं और स्मूदी तैयार करें। इस तैयार गाढ़े पेस्ट को अपने चेहरे पर करीब 15 मिनट के लिए लगाएं। इसके बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से साफ कर लें। इस पेस्ट से आपके स्किन की झुर्रियां दूर होंगी। स्किन से मुंहासे और फुंसियों को दूर करने के लिए आप सौंफ का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# यामी गौतम और जैकलीन फर्नांडिस की सराहना पर जानें क्यों माधुरी दीक्षित ने खुद को बताया घर की मुर्गी

नई दिल्लीः डांस दीवाने 3 के सेट पर यामी गौतम और जैकलीन फर्नांडिस नजर आई है' इस अवसर पर प्रतियोगियों ने इन दोनों की सराहना की है' माधुरी दीक्षित की जब प्रतियोगियों ने सराहना की, तब उन्होंने खुद को ह्यघर की मुर्गीह्ण बताया है' गणेश चतुर्थी केअवसर पर शूट किए गए विशेष एपिसोड में यामी गौतम और जैकलीन फर्नांडिस बतौर गेस्ट बनकर आई है' डांस दीवाने 3 में यामी गौतम प्रतियोगी पियूष गुरभेले से पूछती है, आपको मुझमें और जैकलीन में क्यूट कौन लगता है? इसपर उन्होंने कहा है, यामी मैम की आंखें



बहुत क्यूट है और जैकलीन की स्माइल बहुत अच्छी है और आज जैकलीन काफी खूबसूरत लग रही हैं' इसपर यामी गौतम कहती हैं, ह्वक्या मैं खूबसूरत नहीं लग रही हूं? इसपर उन्होंने कहा, आप बहुत क्यूट लग रही हैं' यामी और जैकलीन की सराहना सुनकर माधुरी दीक्षित ने कहा, मेरे लिए कुछ नहीं, घर की मुर्गी दाल बराबर' दोनों फिल्म भूत पुलिस का प्रमोशन करने आई थी' इस फिल्म का निर्देशन पवन कृपलानी ने किया है' फिल्म में जावेद जाफरी और जॉनी लीवर की अहम भूमिका है' यह फिल्म 10 सितंबर को और ओटीटी प्लेटफॉर्म डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी' माधुरी दीक्षित ने हाल ही में अपना डिजिटल डेब्यू किया है' वह नेटफ्लिक्स के फैमिली ड्रामा फाइंडिंग अनामिका में नजर आई है' माधुरी दीक्षित फिल्म अभिनेत्री हैं' उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है' उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है' वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय हैं' वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है जो कि बड़ी तेजी से वायरल होती है। डांस दीवाने 3 रियलिटी शो में कई प्रतियोगी नजर आते है' सभी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते है' यह शो काफी पसंद किया जाता है' यामी गौतम ने हाल ही में शादी कर ली है' वहीं जैकलीन ने कई फिल्मों में काम किया है' यह फिल्में जल्द रिलीज होनेवाली है'

# भारत व इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट रद होने की कगार पर, भारत के असिस्टेंट फिजियो कोविड-19 पाजिटिव पाए गए

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच मैनचेस्टर में शुक्रवार से खेला जाएगा, लेकिन इससे ठीक पहले टीम इंडिया के सहायक फिजियोथेरेपिस्ट योगेश परमार बुधवार कोविड-19 पाजिटिव पाए गए थे। इसके बाद उनका आटी-पीसीआर टेस्ट भी पाजिटिव आया था। परमार लगातार भारतीय खिलाड़ियों के संपर्क में रहे हैं और गुरुवार को टीम इंडिया की प्रैक्टिस भी रद कर दी गई थी।




इसके बाद बीसीसीआइ और इसीबी के बीच चर्चा जारी है कि, इस सीरीज को जारी रखना चाहिए या फिर इसे कैंसल कर देना चाहिए। बीसीसीआइ के लिए भारतीय खिलाड़ियों को सिर्फ इस टेस्ट सीरीज तक ही सुरक्षित रखने की चुनौती नहीं है। इस टेस्ट सीरीज के पांच दिन के बाद आइपीएल पार्ट टू का आयोजन यूएई में किया जाना है। आइपीएल खत्म होने के बाद टी20 वर्ल्ड कप यूएई में ही 19 अक्टूबर से खेला जाएगा। वहीं यूएई में आइपीएल में हिस्सा लेने वाली सभी आठ फ्रेंचाइजी पहले से ही मौजूद हैं और उनके बायो-बबल में इंग्लैंड से आने वाले खिलाड़ियों को भी शामिल होना है। इस बायो-बबल में सिर्फ भारतीय खिलाड़ी ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ियों को भी शामिल होना है।

इन हालात में और आगे के शेड्यूल को देखते हुए बीसीसीआइ और ईसीबी को इस पर कोई फैसला करना ही होगा क्योंकि इंडियंस कैंप में कोविड 19 महामारी घुस चुकी है। अगर इसके बावजूद भी टेस्ट सीरीज जारी रखा गया तो इसका असर आइपीएल पर पड़ सकता है। टीओआइ से बात करते हुए एक सूत्र ने कहा कि, जिस तरह के हालात हैं उसमें हमारे पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है। हालांकि इस पर फैसला लेने के लिए सबका विचार एक सा होना चाहिए।

सूत्र ने कहा कि, इसके बारे में सही तरीके से पता लगाने के लिए हर खिलाड़ी करो आइसोलेट किए जाने की जरूरत है साथ ही सबका कोविड टेस्ट रोजाना करवाया जाए और ये कम के कम एक सप्ताह तक जरूर हो।

## भारत का ये विस्फोटक बल्लेबाज लगातार 7वें टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने में कामयाब, धौनी के साथ खेला था पहला टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** आइसीसी टी20 विश्वकप में भाग लेने वाली भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। बुधवार 8 सितंबर को मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक में 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया। 15 सदस्यीय टीम के साथ 3 रिजर्व खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की गई। विश्वकप के लिए चुनी गई इस टीम में एक खिलाड़ी ऐसा है जो लगातार सातवां टूर्नामेंट खेलने उतरेगा। उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ी या तो संन्यास ले चुके हैं या फिर टीम से बाहर हैं। टी20 विश्वकप में भारत की टीम कैसी होगी इसको लेकर पिछले काफी दिनों से अटकलें लगाई जा रही थी। बुधवार को टीम का नाम सामने आने के बाद




सारी अटकलें दूर हो गई। अनुभवी ओपनर शिखर धवन की टीम में जगह नहीं मिली जबकि विकेटकीपर इशान किशन ने बाजी मार ली। स्पिनर युजवेंद्र चहल जगह बनाने में नाकाम रहे जबकि 4 साल से बाहर बैठे अश्विन को चयनकताओं ने मौका देने का फैसला लिया।भारतीय टीम के ओपनर रोहित शर्मा एक मात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने पिछले सभी विश्व कप में खेला है। वह साल 2007 में पहली बार आयोजित आइसीसी टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा था। तब से अब तक खेले गए पिछेल 6 टी20 विश्व कप में वह खेल चुके हैं। साल 2007 में 4 मैच खेलकर 88 रन बनाए थे जिसमें 50 रन की नाबाद पारी शामिल थी। 2009 में 5 मैच खेलकर 131 रन बनाए थे।

## इंग्लैंड में टीम इंडिया का एक और सदस्य कोरोना संक्रमित, प्रैक्टिस रद, सभी खिलाड़ी होटल में बंद



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला शुक्रवार 10 सितंबर से शुरू हो रहा है। टीम इंडिया के लिए मैच से एक दिन पहले चिंताजनक खबर आई। टीम के एक और स्टाफ को कोरोना संक्रमित पाया गया है। इस खबर से सामने आने के बाद गुरुवार को टीम इंडिया ने प्रैक्टिस नहीं की और सारे खिलाड़ी होटल के अपने अपने कमरे में बंद हो गए।भारत का इंग्लैंड दौरा अब खत्म होने की तरफ बढ़ चुका है। आखिरी मैच के बाद भारतीय टीम के खिलाड़ी अपने अपने अगले पड़ाव की तरफ बढ़ेंगे। जिनके इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना है वो दुबई जाएंगे और बाकी बचे खिलाड़ी घर लौटेंगे। चौथे टेस्ट मैच से पहले भारतीय खेमे में हलचल मच गई थी जब मुख्य कोच समेत चार कोचिंग स्टाफ को कोरोना संक्रमित पाया गया। अब एक और कोचिंग स्टाफ के कोरोना पाजिटिव पाए जाने की खबर है।विजडन इंडिया ने इस बात की जानकारी दी है कि भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ की रिपोर्ट पोजिटिव पाई गई है। इस खबर से सामने आने के बाद टीम से बाकी सभी खिलाड़ियों ने गुरुवार को होने वाली प्रैक्टिस को रद कर अपने अपने कमरे में आराम किया।

## भारत विश्व कप ट्राफी नहीं जीता, तो जा सकती है विराट कोहली की कप्तानी

**नई दिल्लीः** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ओमान की धरती पर 18 अक्टूबर से आइसीसी टी-20 विश्व कप 2021 का आयोजन होना है। इसी मेगा इवेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा हो गई है, लेकिन इसके साथ ही विराट कोहली के कप्तानी पद के लिए डेडलाइन भी शुरू हो गई, क्योंकि यह संकेत मिले हैं कि अगर भारतीय टीम इस बार विश्व कप नहीं जीतती है तो विराट कोहली की कप्तानी जा सकती है।विराट की कप्तानी में 2017 में चैंपियंस ट्राफी, 2019 में वनडे विश्व कप और इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल हारने से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) खुश नहीं है। जुलाई की शुरूआत में मुंबई में बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव




गांगुली, सचिव जय शाह, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और कोषाध्यक्ष अरुण धूमल की बैठक में इस पर लंबी चर्चा हुई थी। बीसीसीआइ और टीम इंडिया के बीच में सेतु का काम करने वाले एक अधिकारी ने टीम के अंदर चल रहीं गतिविधियों को लेकर बाकायदा इनपुट दिए थे।कोच रवि शास्त्री के होने के बावजूद महेंद्र सिंह धौनी को मेंटर के तौर पर भेजना इसी बात का संकेत है कि बीसीसीआइ अपनी मेजबानी में होने वाले विश्व कप को हर कीमत पर जीतना चाहती है। बीसीसीआइ को शास्त्री और विराट की योजना से ज्यादा धौनी के दिमाग पर भरोसा है और उसे पता है कि वह टीम को एकजुट रखकर सही दिशा में ले जा सकते हैं। हालांकि, यूएई में धौनी के सुझावों का इस बात पर असर पड़ेगा कि मुख्य कोच रवि शास्त्री और कप्तान कोहली अंतिम एकादश का चयन कैसे करते हैं। यह नहीं भूलना चाहिए कि पंत के मेंटर धौनी हैं और पंत बिना किसी परेशानी के अंतिम एकादश में दिखाई देंगे.

# महाराष्ट्र में फिर नाइट कर्फ्यू? सीएम उद्धव ठाकरे बढ़ते कोरोना में कार्यक्रमों की भीड़ से नाराज



**मुंबईः** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका लगातार जताई जा रही है. पिछले कुछ दिनों से एक बार फिर कोरोना संक्रमण में भी तेजी आई है. इनसे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे बेहद चिंतित और क्षुब्ध दिखाई दे रहे हैं. उन्होंने आज (6 सितंबर, सोमवार) ना सिर्फ विपक्ष बल्कि सत्ता पक्ष की पार्टियों से भी राजनीतिक कार्यक्रमों में बढ़ती हुई भीड़ पर खुल कर नाराजगी व्यक्त की. साथ ही सभी राजनीतिक पार्टियों से कहा कि आने वाली चुनौतियों को देखते हुए भीड़ बढ़ाने वाले राजनीतिक और धार्मिक कार्यक्रमों पर तुरंत रोक लगाएं. आगे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि ऐसे समय में सरकार से सहयोग करें, संयम बरतें और कोरोना के नियमों का पालन करें वरना महाराष्ट्र को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल पर्व त्योहारों का समय है. ऐसे में प्रतिबंधों को लगाना किसे पसंद होगा? लेकिन पर्व-त्योहार से ज्यादा इंसानों की ज़िंदगी अहम है. जान बची तो आगे भी त्योहार आएंगे. मुख्यमंत्री ने कहा,महाराष्ट्र सहित पूरा देश कोरोना की तीसरी लहर के मुहाने पर खड़ा है. इतना ही नहीं कोरोना ने एक बार फिर जोरदार दस्तक देना शुरू कर दिया है. अमेरिकी में कोरोना की तीसरी लहर से जन-जीवन अस्तव्यस्त हो गया है. चीन भी चपेट में आ गया है. अपने देश की ही बात करें तो केरल में रोज 30,000 के करीब नए केस सामने आ रहे हैं. यह एक चेतावनी है. अगर हमने इस चेतावनी पर गंभीरता से गौर नहीं किया तो महाराष्ट्र के जनजीवन को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी. सरकार तो अपनी तरफ से तैयारी करेगी.






# अनिल देशमुख को लेकर लुक आउट नोटिस जारी, अब जल्दी हो सकती है गिरफ्तारी



**मुंबईः** 100 करोड़ की वसूली मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की मुश्किलें बढ़ गई हैं. प्रवर्तन निदेशालय की ओर से उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया है. इससे अब वे देश छोड़ कर नहीं जा सकेंगे. उनकी जल्दी गिरफ्तारी भी हो सकती है. ईडी ने अनिल देशमुख को अब तक पांच बार समन भिजवाया है. लेकिन अनिल देशमुख एक बार भी पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए. अब ईडी ने उन्हें छठा समन भेजने की तैयारी कर रही है. लेकिन उससे पहले वे देश छोड़ कर ना जा सकें, इसलिए ईडी ने अब उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया है. याचिकाकर्ता जयश्री पाटील ने दावा किया है कि अब उनकी गिरफ्तारी भी जल्दी हो सकती है.ईडी सूत्रों के मुताबिक लुकआउट नोटिस जारी होने के बाद अनिल देशमुख को देश भर में खोज निकालने का अधिकार ईडी को हासिल हो गया है. इसके अलावा देश भर के एयरपोर्ट को भी इस बारे में सूचित कर दिया गया है. ताकि देशमुख देश छोड़ कर जाना चाहें तो उन्हें एयरपोर्ट पर ही रोका जा सके.अनिल देशमुख के खिलाफ मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने 100 करोड़ की वसूली के लिए पुलिस अधिकारियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था. सीबीआई इस केस की जांच कर ही रही थी कि ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अनिल देशमुख के खिलाफ जांच शुरू की. अनिल देशमुख को खोजने के लिए ईडी ने अब तक 12 से 14 बार अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की है.

ईडी की तीन टीम एक समय में पूरे महाराष्ट्र में देशमुख की खोज में लगी हुई है. अब लुक आउट जारी होने के बाद अन्य राज्यों में भी ईडी द्वारा देशमुख की खोज शुरू होगी. ऐसा सूत्रों के हवाले से खबर है. ईडी की जांच में यह बात सामने आई है कि उन्होंने वसूली की साढ़े चार करोड़ की रकम फर्जी कंपनी के माध्यम से शैक्षणिक संस्थाओं में डाली. इस मामले में ईडी ने देशमुख के पीएस और पीए को अरेस्ट किया है. इसके अलावा अनिल देशमुख के वकील आनंद डागा को भी सीबीआई के अधिकारी अभिषेक तिवारी से रिपोर्ट लीक करवाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. अभिषेक तिवारी को भी अरेस्ट किया जा चुका है. इसलिए माना जा रहा है कि अनिल देशमुख की गिरफ्तारी करीब है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेलः newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net